Seventeenth Loksabha

an>

Title: Re. Alarming situation of Hate Crimes in the Country.

SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYNAGAR): Madam, hate crimes are defined as physical acts of aggression against the property and person of an individual or group of individuals on the basis of religion. The incidents of same are rising at an alarming rate and the ... * has an active role to play in it. By promoting violence in order to divert the nation's attention from the inflation and developmental challenges, the flames of hatred are being ignited. If strong measures are not taken immediately, it will become an ... * as correctly pointed by ... *. According to him, "We, in the army, adopt all religions." If people in the country can do the same, most of our problems will be solved. Thus, the Government must wake up from its slumber and take necessary action immediately. Thank you, Madam.

सूचना और प्रसारण मंत्री तथा युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर): मैडम, माननीय सांसद ने बगैर तथ्यों के झूठे आरोप लगाने का काम किया है और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है । अगर पश्चिम बंगाल की सरकार उसमें पूरी तरह से विफल हुई है, तो उनको वहां की बात उठानी चाहिए ।**...** (व्यवधान) वहां पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की हत्या की बात हो या आम नागरिक की बात हो या इनके मंत्री के करीबी के पास भ्रष्टाचार के रूप में करोड़ों रुपये पकड़े जाएं, उससे ध्यान हटाने के लिए अगर ये इस तरह के झूठे आरोप लगाए जाते हैं या तथ्यहीन आरोप लगाए जाते हैं तो जो आरोप लगाए हैं, वे वापस लें ।**...** (व्यवधान)

कानून व्यवस्था राज्य का विषय है । ... (व्यवधान) और पश्चिम बंगाल उसमें पूरी तरह से विफल हुआ है । ... (व्यवधान) यह देश के सामने है । ... (व्यवधान) इस पर माननीय सदस्य को अपने शब्द वापस भी लेने चाहिए और माफी भी मांगनी चाहिए । ... (व्यवधान) सदन को गुमराह किया जा रहा है । ... (व्यवधान) कानून व्यवस्था राज्य का विषय है । ... (व्यवधान) पश्चिम बंगाल में हत्या होती है । ... (व्यवधान)

माननीय सभापति: गलत बात नहीं बोलनी चाहिए ।

... (व्यवधान)